कार्यालय प्राचार्य,
शासकीय जे. योगानन्दम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय,
रायपुर (छ.ग.)
Email :- gjycg.college@gmail.com Website : www.cgcollege.org
Tele.No. – 0771-2427126

क्रमांक / /1105/प्रवेश/2024 दिनांक 27/07/2024

–: प्रवेश हेतु आवश्यक सूचना:–

Open Counseling
LL.B. First Semester

महाविद्यालय में **LL.B. प्रथम सेमेस्टर** में उपलब्ध रिक्त स्थानों में प्रवेश हेतु प्रवेश–नियमानुसार ओपन काउंसलिंग का आयोजन निम्नानुसार किया गया है :–

दिनांक	ओपन काऊन्सलिंग हेतु पंजीयन	प्रवेश हेतु मेरिट सूची जारी करने का समय	संपर्क	प्रवेश शुल्क जमा करने की तिथि
30/07/2024	30/07/2024 प्रातः 09:00 से 01:00	31/07/2024 11:00 बजे तक (महावि. के सूचना पटल पर)	संबंधित प्रवेश समिति	31/07/2024 (अनिवार्यतः) दोप. 12.00 से 3.00 बजे तक

ओपन काऊन्सलिंग (Open Counseling) हेतु आवश्यक निर्देश निम्नानुसार है :–

1. ओपन काऊन्सलिंग में विद्यार्थियों को पंजीयन हेतु ऑनलाइन आवेदन की हार्डकॉपी तथा समस्त आवश्यक दस्तावेजों की छायाप्रतियां संबंधित प्रवेश समिति के समक्ष **स्वयं उपस्थित** होकर प्रस्तुत करना होगा । पंजीयन के समय स्थानांतरण प्रमाणपत्र (टी.सी.) की मूल प्रति दिखाना अनिवार्य है किंतु जमा नहीं करना है । मूल–स्थानांतरण प्रमाण पत्र मेरिट सूची में नाम आने पर प्रवेश प्रक्रिया के दौरान जमा किया जावेगा । मूल–स्थानांतरण प्रमाण पत्र प्रवेश हेतु आवश्यक दस्तावेज है । इसके अभाव में विद्यार्थी का पंजीयन नहीं किया जावेगा ।
2. पंजीयन का समय निर्धारित है । पंजीयन के समय समाप्त होने के बाद किसी भी स्थिति में पंजीयन नहीं किया जायेगा । प्रवेश प्रक्रिया में केवल उन्हीं आवेदकों को सम्मिलित किया जायेगा, **जिनका पंजीयन दिनांक 30/07/2024 को 01:00 बजे तक हो चुका है।**
3. पंजीयन की कार्यवाही हेतु प्रवेश समिति के समक्ष केवल विद्यार्थी को ही उपस्थित होना है । अतः विद्यार्थी अपने साथ किसी अन्य व्यक्ति को लेकर उपस्थित न हों ।
4. पंजीयन में प्राप्त आवेदनों के प्रवेश–नियम के अनुसार परीक्षण के उपरांत दिनांक **31/07/2024 प्रातः 11:00 बजे तक रिक्त स्थानों के लिये मेरिट सूची जारी** की जावेगी। **मेरिट सूची महाविद्यालय के नोटिसबोर्ड पर उपलब्ध होगी।**
5. प्रवेश हेतु जारी मेरिट सूची के अनुसार विद्यार्थी को **दिनांक 31/07/2024** को समस्त दस्तावेजों की मूल प्रतियों के साथ उपस्थित होकर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कर प्रवेश शुल्क जमा करना अनिवार्य होगा । किसी भी परिस्थिति में विद्यार्थी को प्रवेश के लिये

अतिरिक्त समय नहीं दिया जावेगा । **दिनांक 31/07/2024 प्रवेश हेतु अंतिम तिथि निर्धारित है तथा प्रवेश का समय 12.00 बजे से 3.00 बजे तक होगा ।**

6. प्रवेश हेतु जारी मेरिट सूची के विद्यार्थियों को किसी भी आवश्यक दस्तावेज के लिये **कोई भी अतिरिक्त समय प्रदान नहीं किया जायेगा** । दस्तावेजों के अभाव में संबंधित विद्यार्थी का नाम मेरिट–सूची से निरस्त कर अन्य पात्र विद्यार्थी को प्रवेश का अवसर दिया जावेगा ।
7. ओपन काऊन्सलिंग में प्रवेश हेतु केवल इच्छुक विद्यार्थी ही प्रवेश समिति से संपर्क करें तथा अपने साथ अपने मित्र/अभिभावक या अन्य किसी व्यक्ति को लेकर उपस्थित न हों
8. प्रवेश से संबंधित जानकारी के लिये केवल प्रवेश समिति से ही संपर्क करें । **प्रवेश हेतु किसी अन्य व्यक्ति से संपर्क न करें ।**

प्रवेश हेतु अनिवार्य आवश्यक दस्तावेजों की सूची निम्नानुसार है ।

Important Documents Required for Admission

1. 10 वीं/12 वीं की मूल अंकसूची एवं छायाप्रति
2. स्नातक की सभी सेमेस्टरों की मूल अंकसूची एवं छायाप्रति (यदि स्नातक में 08 सेमेस्टर है तो सभी 08 सेमेस्टर की छायाप्रति संलग्न करें)
3. छत्तीसगढ़ निवास प्रमाण पत्र मूलप्रति एवं छायाप्रति
4. छत्तीसगढ़ राज्य के निवासी यदि OBC, SC, ST हो तो स्थायी जाति प्रमाण पत्र मूलप्रति एवं छायाप्रति
5. छत्तीसगढ़ राज्य के बाहर का जाति प्रमाण पत्र किसी भी परिस्थिति में मान्य नहीं होगा
6. मूल स्थानांतरण प्रमाण पत्र (टी.सी.), टी.सी. की द्वितीय प्रति या डुप्लीकेट टी. सी. मान्य नहीं होगी ।
7. आधार कार्ड की छायाप्रति
8. यदि विद्यार्थी छ.ग. राज्य के बाहर के विश्वविद्यालय से अध्ययन किया है या किसी निजी विश्वविद्यालय से अध्ययन किया है तो पं.रविशंकर शुक्ल वि.विद्यालय, रायपुर द्वारा जारी पात्रता प्रमाण पत्र मूलप्रति एवं छायाप्रति
9. ऑनलाइन आवेदन की हार्डकापी
10. यदि विद्यार्थी शासकीय सेवा में है तो नियोक्ता द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र
11. तीन पासपोर्ट साइज फोटो ।
12. इंजीनीयरिंग/कृषि संकाय के उत्तीर्ण विद्यार्थी अपने सभी सेमेस्टरों की अंकसूची तथा प्रोविजनल प्रमाण पत्र की मूलप्रति एवं छायाप्रति प्रस्तुत करेंगे ।
13. यदि आवेदक का शिक्षण अंतराल में गेप रहा है तो गेप प्रमाण पत्र की छायाप्रति ।
14. आवेदक ने प्रवेश के पूर्व जितना भी अध्ययन किया है, सभी कक्षाओं की अंकसूची को प्रवेश के समय प्रस्तुत करेंगे ।
15. प्रवेश नियमों की व्याख्या एवं किसी नवीन निर्देश के अनुसार उपरोक्त निर्देशों में संशोधन का अधिकार सुरक्षित है ।

(डॉ.अमिताभ बैनर्जी)
प्राचार्य